## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 13.05.2025 (दोपहर–1320 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– भारत, पाकिस्तान के साथ बातचीत सिर्फ आतंकवाद और पीओके के मुद्दे पर करेगा।**
2. **कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बेड़ो में अनाथ हुए चार बच्चों को शिक्षा, आर्थिक सहायता और आवास योजना का दिलाया भरोसा।**
3. **रांची के ग्रामीण इलाकों में अपराध रोकने को लेकर ग्रामीण एसपी ने की क्राइम मीटिंग, लूट–छिनतई रोकने के लिए सीसीटीवी और अपराधियों पर नजर रखने के दिए निर्देश।**
4. **दुमका में ओलचिकी लिपि के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू की 120वीं जयंती पर निकाली गई प्रभात फेरी, श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन।**

**और**

5. **आईपीएल टी 20 क्रिकेट एक सप्ताह के विराम के बाद इस महीने की 17 तारीख को फिर से होगा शुरू ।**

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद आतंकवाद से मुकाबले के लिए भारत की अटूट वचनबद्धता का उल्लेख किया है। प्रधानमंत्री ने कल शाम राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया भारत की क्षमताओं को देख चुकी है, अब यह स्पष्ट हो चुका है कि आतंकवादी अब बख्शे नहीं जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पाकिस्तान से आतंकवाद और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर– पी.ओ.के. को छोड़कर किसी अन्य मुद्दे पर बातचीत नहीं करेगा।

******************

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन ने देशवासियों का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को देश की बेटियों, बहनों और माताओं को समर्पित कर प्रधानमंत्री ने वीरता और संवेदनशीलता दोनों का परिचय दिया।

******************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय जनता पार्टी आज से देशभर में 11 दिवसीय तिरंगा यात्रा निकालेगी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के दृढ़ नेतृत्व और सशस्त्र बलों के पराक्रम के बारे में लोगों को बताया जाएगा। 23 मई तक चलने वाली इस यात्रा में समाज के प्रमुख सदस्य, पूर्व सैनिक और सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल होंगे।

******************

रांची के बेडो प्रखंड के जामटोली गांव में माता–पिता की मौत से अनाथ हुए चार बच्चों से कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कल मुलाकात की। उन्होंने कहा कि दो बड़ी बेटियों का नामांकन कस्तूरबा गांधी विद्यालय में कराया जाएगा और बच्चों को हर माह चार हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। साथ ही मंत्री ने बच्चों की काउंसलिंग, राशन कार्ड, और पक्का मकान योजना का लाभ देने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया।

******************

भू–राजनीतिक तनाव के कारण आज घरेलू शेयर बाजार का सूचकांक मंदी में खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 842 अंक गिरकर 81,589 पर आ गया, जबकि निफ्टी 210 अंक लुढककर 24,714 पर आ गया।

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाइयों के रुकने और **अमेरिका–चीन व्यापार युद्ध में कमी** के कारण पिछले कारोबारी सत्र में बाजारों में बड़ी तेजी आई। स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों में मामूली खरीदारी देखी गई थी ।

इधर, **सर्राफा बाजार** में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 87 हजार 2 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख दो हजार रुपये प्रति किलो है।

******************

रांची के ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने कल अपराध नियंत्रण को लेकर डीएसपी और थानेदारों के साथ क्राइम मीटिंग की। इस मीटिंग में जेल से छूटे अपराधियों की समीक्षा कर उन पर निगरानी रखने के अलावा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए थाना प्रभारी को रोड मैप तैयार करने का आदेश दिया गया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि लूट, छिनतई और चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने और कुर्की वारंट निष्पादन के निर्देश दिए।

******************

दुमका में ओलचिकी लिपि के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू की 120वीं जयंती पर विभिन्न संगठनों और शैक्षिक संस्थानों द्वारा प्रभात फेरी, संगोष्ठी और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मौके पर वक्ताओं ने ओलचिकी लिपि को शिक्षा में लागू करने की मांग दोहराई। जीव मुर्मू और सोनदीप हांसदा ने कहा कि पंडित मुर्मू का सपना था कि संताली भाषा उसकी अपनी लिपि में पढ़ी जाए, जिसे अब पूरा करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

******************

कोडरमा जिले के फिल्म निर्माता डॉक्टर बीरेंद्र कुमार की फिल्म '**प्यार से**' को 15वें दादा साहेब फाल्के फिल्म फेस्टिवल में ऑफिशियल सलेक्शन अवार्ड और म्यूजिक वीडियो 'देखो कहां से कहां आ गए' को फेस्टिवल मेंशन दिया गया। इस उपलब्धि पर डॉक्टर बीरेंद्र ने कहा कि छोटे शहर से फिल्म निर्माण की सोच रखना चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन ऐसे सम्मान से हौसला और विश्वास बढ़ता है।

******************

रामगढ़ जिले को नशामुक्त जिला बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है। इस कड़ी में युवाओं को नशा से बचाने के लिए एक अभियान की शुरुआत की गई है। और जानकारी दे रहे हैं

******************

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड– बीसीसीआई ने घोषणा की है कि आईपीएल क्रिकेट 17 मई को फिर से शुरू होगा। भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू किये जाने के बाद यह 9 मई को एक सप्ताह के लिए निलंबित किया गया था।

******समाप्त******